>

Title: Need to expedite setting up of Thane railway station in Maharashtra as a world class railway station as declared by the Government.

डॉ. संजीव गणेश नाईक (ठाणे): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से ठाणे रेलवे स्टेशन के बारे में अनुरोध करना चाहूंगा। हिन्दुस्तान में सबसे पहले रेलगाड़ी 1853 में ठाणे से विक्टोरिया टर्मिनस, जिसे अब छत्रपति शिवाजी टर्मिनस कहते हैं, चली थी। आज तक रेल मंत्रालय द्वारा इस ऐतिहासिक ठाणे रेलवे स्टेशन के विकास का कार्य नहीं किया गया है। मैंने पूर्व रेल मंत्री ममता जी से अनुरोध किया था तो उन्होंने कहा था कि ठीक है हम ठाणे को वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनाएंगे और इस बारे में घोषणा भी की थी। लेकिन उन्होंने वर्तमान रेल बजट में कहा कि ठाणे वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन तो नहीं हो सकता, हम इसे अच्छा रेलवे स्टेशन बनाने की कोशिश करेंगे। मैं वर्तमान रेल मंत्री जी से विनती करता हूं कि ठाणे रेलवे स्टेशन को एक अच्छा स्टेशन बनाने की वह कोशिश करें।